Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)


APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 03-04-2022 अंक 186

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## संपादकीय

## आज का युवा - राजनीति के स्वर्णिम युग की उम्मीद



डॉ अनिल कुमार

वर्तमान में राजनीति एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जहाँ राजनीति सत्ता केंद्रित हो कर रह गई है, जनता के आर्थिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक विकास की जगह सामाजिक पक्ष पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। चूंकि सामाजिक स्तर को अधिक महत्व देने से एक वोट बैंक का सृजन होता है और इस बैंक की वजह से नेताओं को सामाजिक ध्रुवीकरण कर चुनाव जीतने में अहम और निर्णायक भूमिका निभाती है। लेकिन जनता के सांस्कृतिक और शैक्षणिक स्तर को उठाए बग़ैर जीवन स्तर को उठाया नही जा सकता है। आज यही वजह है की बरही और आस-पास के इलाकों में पिछले बीस वर्षों में कोई भी आईएएस,आई पी एस, नही बने हैं और एक्के दुक्के ही डॉक्टर ही बने हैं। जबकि सामाजिक और आर्थिक विरासत बरही को प्राप्त है। रा. जनेताओँ को कोई दिलचस्पी नही है कि उनके क्षेत्र के युवा सिविल सर्विस प्रतियोगिता निकालें, या ड०क्टर बने। आज 2- 3 वर्षों में बरही में शैक्षणिक माहौल में बड़ा बदलाव आया है जिसका श्रेय कुछ युवा शिक्षकों और उभरते हुए युवा नेतृत्व को जाता है और यह नेतृत्व मौका मिलने पर अगर भविष्य में बरही क्षेत्र का काया - कल्प कर दे तो कोई हैरानी नही होगी। आने वाला कल युवा नेतृत्व का है जो राजनीति की नई परिभाषा लिख दे कोई आश्चर्य की बात नही

# रामजान का पवित्र महीना आज से शुरू, रोजा रखने से मन होता है शुद्ध : मो कयूम

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित




रमजान का पाक महीना आज से शुरू हो गया। जहां मुस्लिम समुदाय के सभी लोग रोजा रखकर अल्लाह को राजी रखने का प्रयास करते है। वहीं रविवार को अंजुम कमेटी डुमरियाडीह ने सभी रोजेदारों को पहला इफ्तार पार्टी दिया। वहीं बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने रमजान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि रमजान का पाक महीना मन को शुद्ध करने और खुद पर नियंत्रण रखने का महीना है। इस पूरे महीने के दौरान लोग रोजा रखते है, रोजा के समय लोग अपने खाने पीने की आद. तों पर नियंत्रण में रखने का प्रयास करते है। रमजान महीना में किसी की बुराई करने, झगड़ा करने, गाली गलौज, अपशब्द बोलने पर पाबंदी लगाई गई है। इस पाक महीना के दौरान लोगों को मदद करने के लिए प्रेरित किया जाता है। मान्यता है की इस पाक महीने में अल्लाह जन्नत का दरवाजा खोलता है और शैतानों को कैद कर लेता है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की इस्लामी कैलेंडर का नवां महीना में रमजान मनाया जाता है, इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार यह महीना ष अल्लाह से इबादत ष का महीना होता है। वहीं उन्होंने कहा की इफ्तार से पहले जो दुआ में रब से मांगा जाता है उसे अल्लाह जरूर पूरा करते है। साथ ही हाफिज तय्यब ने अमन शांति देश की तरक्की मिले और साथ ही देश में बेरोजगारी खत्म होने की दुआ मांगी। मौके पर बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो कयूम, हाजी हासिम, अब्बास अंसारी, मो अकबर, मो सिकंदर, आजाद अली, मो सलामत, मो खलील, मो सेराज, अकुब अंसारी, गुलाम अजहर, मो ताजीम, हाफिज तैयब, मो साबीर अंसारी, दौलत मिया, बबून मियां, नसीरुद्दीन, अजीज मियां एवं इब्राहिम मियां मौजूद थे।

## ट्रक ड्राइवर के लापरवाही से ड्राइवर के पैर पर चढ़ा ट्रक हुआ घायल, रेफर



बरही थाना अंतर्गत पंचमाधव के समीप ट्रक ड्राइवर के पैर पर ट्रक चढ़ गया। जिससे ट्रक ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल ट्रक ड्राइवर का नाम राजेश सोनी उम्र 35 वर्ष पिता राजेंद्र सेठ डेहरी निवासी डेहरी से कोयला लोड कर धनबाद की और जा रहे थे। इसी क्रम में पंचमाधव के समीप कुछ काम से ट्रक ड्राइवर ने ट्रक को साइड में खड़ा किया। लेकिन जल्दी बाजी में वह ट्रक का हैंडब्रेक लगाना भूल गया। वहीं जैसे ही ट्रक ड्राइवर ट्रक से नीचे उतरा ट्रक ढुल गया और ट्रक का टायर ड्राइवर के पैर पर चढ़ गया। जिससे ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। आस पास के लोगो ने उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

# एक एकड़ में लगे पेड़ पौधों में असामाजिक तत्वों ने लगाई आग, थाना में आवेदन

## लाखो रुपये की क्षति, जांच कर कार्रवाई की मांग

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित




आग लगने से क्षतिग्रस्त हुई पेड़ पौधे

डीएवी स्कूल के पीछे एक एकड़ में लगी पेड़ पौधों में किसी असामाजिक तत्वों के द्वारा आग लगा दी गई है। जिसके वजह से एक एकड़ में लगे लगभग 700 से अधिक सागवान एवं अन्य पेड़ों को काफी नुकसान पहुंचा है। इस बाबत प्रक्षेत्र के मालिक ड० प्रणय राज शरण सिन्हा ने बरही थाना में आवेदन देकर अज्ञात के खिलाफ प्रथमिकी दर्ज हेतु आवेदन दिया है। जिसमे कहा गया कि डीएवी स्कूल के बगल में प्ल०ट संख्या 105 में करीब एक एकड़ में बाउंडरी कर लगभग 700 पेड़ लगाए गए है। उक्त जमीन मेरे एवं मेरी पत्नी अनीता देवी के नाम से निबंधित है। इस जमीन में धोबिया डीह के सुरेश रजक एवं स्व रामेश्वर रजक के परिवार के लोग महुवा चुनने के लिए आते हैं। इसी क्रम में आग लगने की घटना हुई है। जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस निरीक्षक नीरज सिंह ने बताया की एसआई लक्ष्मण बोबांग को जांच के लिए निर्दे. शित किया गया है।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## चिल्ड्रेन प्रोग्रेसिव स्कूल पुरहरा में वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत भंडारों पंचायत अंतर्गत पुरहरा में संचालित चिल्ड्रेन प्रोग्रेसिव स्कूल में वार्षिक परीक्षा का परिणाम शनिवार को घोषित किया गया। जहां एल के जी में विपिन कुमार शर्मा, यू के जी में हसन रजा, कक्षा पहला में सुलोचना कुमारी, दूसरा में नेहा कुमारी, तीसरा में सोनू कुमार दास, पांचवा में सुधीर यादव, कक्षा सातवां में मिथिलेश यादव, कक्षा नोवा में अजय दास एवं दसवां में प्रीति कुमारी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रौशन किया। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य नंदलाल पंडित ने बच्चो को रिपोर्ट कार्ड देते हुए इसी प्रकार अपना विद्यालय, अपना परिवार एवं अपने क्षेत्र का रौशन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उपस्थित सभी बच्चो को के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं मौके पर मौजूद भंडारों पंचायत के मुखिया सकलदेव यादव ने प्रथम, द्वित्य एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को मेडल एवं कप देकर पुरुस्कृत किया। साथ ही साथ उन्होंने कहा की चिल्ड्रेन प्रोग्रेसिव स्कूल के बच्चे लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। जिससे मैं काफी खुश हुं, वही उन्होंने सभी अभिभावकों बच्चो को नियमित स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षको में रा. जेश कुमार, अभिषेक कुमार, विकाश कुमार, रवि कुमार, संदीप कुमार एवं शिक्षिका में अनीता कुमारी, कौशल्या कुमारी, पार्वती कुमारी, कारू यादव, सुभाष यादव, विनोद शर्मा, अर्जुन यादव, कैलाश पासवान मुख्य रूप से मौजूद थे।

## पेंशनरों को पुनरीक्षित पेंशनमान नही मिलने से जताया क्षोभ आंदोलन की चेतावनी

### झारखंड राज्य पेंशनर समाज की बैठक में संगठन मजबूती पर चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बैठक में शामिल पेंशनर

झारखंड राज्य पेंशनर समाज की बैठक प्रखंड परिसर स्थित स्वामी विवे. कानंद पुस्तकालय में हुई। अध्यक्षता अध्यक्ष रत्नेश्वर प्रसाद केसरी एवं संचालन सचिव तोखन प्रजापति ने किया। बैठक में राजेंद्र प्रसाद रुखरियार ने बताया की पेंशनरों का सातवां पेंशन निर्धारण समिति के द्वारा अनुसंशित पुनरीक्षित पेंशनमान के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक के कार्यालय में सारी कागजात जमा करने के 2 वर्ष बाद भी उस पर किसी तरह की अग्रेतर कार्रवाई नहीं की गई है। जिसके कारण पेंशनरों को सातवा पुनरीक्षित वेतनमान नहीं मिल पा रहा है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि संबंधित कार्यालय के अधिकारी पुन. रीक्षित वेतनमान के लिए जमा की गई फाइल को अनुशंसा कर आगे नहीं बढ़ाते हैं, तो झारखंड राज्य पेंशनर समाज आंदोलन करने पर विवश होगा । इसके लिए वरीय पदाधिक. ारियों को सूचित करने का भी निर्णय लिया गया । साथ ही बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि झारखंड राज्य पेंशनर समाज की बैठक प्रत्येक माह के पहले रविवार को की जाएगी। बैठक रत्नेश्वर प्रसाद केशरी, तोखन प्रजा. पति, ।। प्रसाद रुख़रीयार, उपेंद्र प्रसाद, मुरली मनोहर प्रसाद, ईश्वर प्रसाद, बीके शर्मा, राधानाथ भगत, सुनील कुमार गुप्ता, अनुज कुमार सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## पूर्व विधायक स्वर्ण व रजत पदक विजेता से मिलकर दी बधाई कहा-जिला का बढ़ाया गौरव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही : भाजपा के वरिष्ठ नेता बरही विधानसभा के पूर्व विधायक सह संयुक्त बिहार के पूर्व मंत्री मनोज कुमार यादव रविवार को सब जूनियर राष्ट्रीय बुशु प्रतियोगिता के स्वर्ण व रजत पदक विजेता से मुलाकात कर बधाई व शुभकामनाएं दी । विदित हो कि कन्याकुमारी में आयोजित सत्र हुई राज्य स्तरीय सब जूनियर राष्ट्रीय पुष्प प्रतियोगिता में हजारीबाग बड़का ग्वालटोली निवासी कशिश राज पिता बसंत यादव उर्फ गांधीजी को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ । वही सुरेश राणा की पुत्री लवली कुमारी और टीना कुमारी की रजत पदक से सम्मानित किया गया है । पूर्व विधायक ने इन बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया । इस सम्मान के लिए बच्चों के माता पिता को बधाई व शुभकामनाएं भी दी । उन्होंने कहा कि इस सम्मान ने पूरे जिले को गौरव बढ़ाया है । उनके साथ भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, वरिष्ठ भा. जपा नेता हरीश श्रीवास्तव, वार्ड कमिश्नर रंजीत यादव, सहित कई राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे । उक्त जानकारी पूर्व विधायक के निजी सहायक भूपेंद्र यादव ने दी ।

## माहे रमजान-उल-मुबारक के चाँद का दीदार, आज पहला रोज़ा : साहिद अंसारी

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड में चांद का दीदार होते ही मुस्लिम इलाकों में शनिवार को देर शाम सात बजे के बाद खूब चहल पहल रही। बाजार में सूतफेनी व सिंवई के साथ मेवा, बेसन, सरसों का तेल, मटर, खजूर व फल की जमकर खरीदारी हुई। इशा की नमाज बाद रात साढ़े आठ बजे के करीब मस्जिदों में जाकर मुस्लिम समुदाय ने तरावीह शुरू कर दी।गाँव के जमा मस्जिद दोनाटांड,जमा मस्जिद जटहा,बैजूडीह, करगालीखुर्द के मस्जिदों व आस पास अकीदतमंदों ने सुबह ही साफ-सफाई की। देर शाम चांद की तस्दीक होते ही इशा नमाज बाद रात सवा आठ से साढ़े आठ तक मुस्लिम समुदाय मस्जिदों में तरावीह पढ़ने गए। इसी तरह बिदकी व खागा तहसील अंतर्गत मुस्लिम बाहुल्य गांवों में मस्जिद व घरों में तरावीह पढ़ी गई।रमजान के पाक महीने में मुस्लिम समाज पूरी तरह से इबादत करता है. रमजान के दौरान मुसलमान किसी भी गलत कार्य करने से बचता है. इस दौरान किसी को अपशब्द बोलने, लड़ाई और झूठ बोलने की मनाही होती है. साथ ही स्मोकिंग और शराब का सेवन भी वर्जित माना जाता है. रमजान के 30 रोजे पूरे होने के बाद ही ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाता है. ईद-उल-फितर को मीठी ईद कहा जाता है क्योंकि इस दिन घरों में सेवई बनाने की पंरपरा है. ये पर्व खुशियों और भाईचारे का मानक है. इस दिन लोग गिले-शिकवे भूलाकर एक-दूसरे के प्यार से गले मिलते हैं.।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर


## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI
UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


**ADMISSION OPEN NOW**




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र० कुशवाहा) की कलम से



## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस



फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।

नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे–नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)
Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881
Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)
Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)
Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग

वादा नहीं विकास करेंगे...
जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से
पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु
युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार
उम्मीदवार
**कपिल प्रसाद केशरी**
को अपना बहुमूल्य
मतदान देकर भारी मतों से
विजयी बनाएं...!
सोच हमारी
विकास आपका



कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

जोश है, होश है,
संकल्पों से यारी है



विकास,समृद्धि और खुशहाली
की बारी है

**कुंती देवी**
भावी जिला परिषद प्रत्याशी बरही पश्चिमी भाग (4)

तापेश्वर प्रसाद
सामाजिक कार्यकर्ता

## रिटायर्ड फुटबॉल क्लब का हुआ समीक्षात्मक बैठक

**अपेम लाइव :ओरिया**



हजारीबाग हाई स्कूल के मैदान परिसर में रिटायर्ड फुटब०ल क्लब के सदस्यों के द्वारा रविवार को एक समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष सुबोध कुमार की। बैठक में सर्वप्रथम क्लब के सभी सदस्यों के द्वारा प्रदर्शनी फुटब०ल मैच में उप. स्थित सभी सम्मानित अतिथियों सम्मानित भूतपूर्व खिलाड़ियों मीडिया के बंधु एवं सभी खेल प्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। बैठक में कोषाध्यक्ष श्री योगेश कुमार के द्वारा आय एवं खर्च सबके सामने पढ़ कर सुनाया गया। क्लब के सभी सदस्यों ने अपना अपना विचार रखा एवं क्लब के बेहतरी के लिए सबो ने संकल्प लिया। बैठक में विशेष रूप से भैया नजरुल हसन, सरफराज अहमद, जमाल अहमद, अरविंद विश्वकर्मा, योगेश कुमार, अबोध राम, सूरज कुमार, मुराद खान, नेमीचंद कुमार, जितेंद्र कुमार, दीपक कुमार सहित कई खेल प्रेमी उपस्थित थे। उक्त जानकारी क्लब के सचिव अभय शंकर पासवान ने दी।












दिनांक: 03-04-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मोदीडीह ने नए सत्र में झांकी निकाला गया

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ मुफसील प्रमोद कुमार गुप्ता**




युगाब्द 5124 विक्रम संवत 207 नववर्ष मंगलमय हो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मोदीडीह द्वारा भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष्य पर एक भव्य झांकी निकाली गई यह झांकी मोदीडीह से शुरू होकर बरोटाँड , बाघमारी, गोदोडीह , भलुटांड , तेतरीयाटांड , घोषणाडीह , सिरमनडीह, दसरोडीह ,दरवेडीह, मोदीडीह होते हुए पुणः सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मोदीडीह आकर भारतीय नव वर्ष के शुभ अवसर के बारे में प्रधानाचार्य के द्वारा उद्बोधन हुआ तत्पश्चात सभी भैया बहनों के बीच प्रसाद का वितरण हुआ झांकी के बीच बीच में भारत माता की जय , नव वर्ष मंगलमय हो ,विक्रम संवत अमर रहे, इत्यादि के नारे से पूरा गांव गुंजायमान हो रहा था। झांकी को सफल बनाने के लिए विद्यालय के सचिव श्री अविनाश प्रसाद प्रधानाचार्य श्री उपेंद्र कुमार राय का विशेष योगदान रहा । झांकी का संचालन विद्यालय के आचार्य मिथिलेश यादव, मिथिलेश राय ,सुमन गौरव, सुरेश पांडे, अजीत कुमार ,मधु देवी जी ,पल्लवी दीदी जी नंदनी दीदी जी एवं ज्योति दीदी जी का योगदान सराहनीय रहा ।

## आर्य कर्ण निधि के ऋण पदाधिकारी पवन कुमार को मातृ शोक

**अपेम लाइवः बडकागॉंव अमित मालाकार**


एतवरिया देवी फाइल

आर्यकर्ण निधि लिमिटेड के ऋण पदाधिकारी बड़कागांव चंदनपुर निवासी पवन कुमार की माता 60 वर्षीय एतवरिया देवी की आक. स्मिक निधन रविवार सुबह 7:00 हो गई। एतवरिया सुबह घर में खाना बना रही थी कि अचानक बेचौनी सी लगी और मूर्छित होकर गिर गई। इलाज के लिए ह०स्पिटल ले जाया गया तब मौत हो चुकी थी। निधन पर लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से आर्यकर्ण निधि के सीएमडी रंजीत कुमार, एमडी देवदीप कुमार,आरके इन्फोटेक के प्रोपराइटर रूपा कुमारी, संयोजक सरोज सोनी, विनोद सिन्हा,बालकृष्ण कुमार, महेंद्र पांडे,पति धर्म नाथ महतो,पुत्र पवन कुमार,कृष्ण कुमार,लक्ष्मण महतो,राजेंद्र महतो, चेतलाल कुमार दांगी, खीरोधर महतो, मुकेश कुमार ,संदीप कुमार के अलावा कई लोग शामिल हैं।

## पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में योजना संचालन में भारी गड़बड़ी मिला

**अपेम लाइव : बिरनी सब्बा अहमद**




बिरनी प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में मनरेगा योजना में भारी गड़बड़ी देखने को मिला जिसके बाद सोशल ऑडिट करने वाले टीम के सदस्यों ने मैठ जेई पंचायत सेवक रोजगार सेवक पर गड़बड़ी किये गए योजना में जुर्माना लगाते हुवे सम्बंधित अधिकारियो को जमकर डाट फटकार लगाया।इस सम्बंध में बतादे की शनिवार को बिरनी प्रखण्ड के मनिकडीह केंदुवा बिरनी पंचायत सचिवालय समेत कई पंचायत में पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का ओयोजन किया गया जिसमें ज०बकार्ड पीएम आवास कूप निर्माण डोभा टीबीसी सेड वृक्षा रोपण समेत सभी योजनाओं में भारी गड़बड़ी मिला आश्चर्य की बात यह है कि कई योजना में प्राक्कलित राशि से ज्यादा भुगतान किया गया है वही दूसरी ओर कई योजना को लाभुक ने बिना भूस्वामी को बताए योजना का कार्य कर लिया है।इस अवसर पर मुख्य रूप से मुखिया पंचायत सेवक रोजगार सेवक समेत अ०डिट टीम के रोहन रविदास संजय कुमार दास मोहन चौधरी देवनन्दन सिंह दिलीप कुमार रवि कुमार समेत कई अधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे।

## भगवानपुर में पूर्व विधायक ने प्रवचन मंच का किया उदघाटन

### जीवन मे खुशहाली लाना है तो धर्म के मार्ग पर चलना होगा : मनोज यादव

**अपेम लाइव : चौपारण किशोर राणा**



रामपुर पंचायत के भगवानपुर में आयोजित श्री श्री 108 श्री भगवती प्राण प्रतिष्ठा के पहले सन्धा के प्रवचन मंच का बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस दौरान आयोजको ने पूर्व विधायक को माता का चुनरी देकर कार्यक्रम में स्वागत किया। वही पूर्व विधायक ने वृंदावन से आये प्रवचनकर्ता को माला पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि प्रवचन कर माध्यम से जो हमे बाते बतलाई जाती है उसे आत्मसात करने की जरूरत है। कहा जीवन मे अगर खुशहाली लाना है तो धर्म के मार्ग पर चलना होगा। धर्म हमे बतलाता है कि हम अच्छे कर्म करे, गलत रास्ते पर न चले, निर्धन लोगों को सहायता करें। धर्म का अर्थ सेवा भी है। गरीब व पीड़ित समाज का सेवा करना ही हमारा सच्चा धर्म है। कहा जिस भक्ति भाव से भगवानपुर के ग्रामीण यज्ञ का आयोजन किये है निश्चित रूप से भगवान का आशीर्वाद पूरे ग्राम वासियो पर बना रहेगा। कार्यक्रम का सम्बोधन पूर्व उपप्रमुख सीताराम साहू, भाजपा नेता गजाधर प्रसाद, गिरजा साव, मुखिया उम्मीदवार सुनीता देवी आदि ने किया। मंच संचालन भाजपा नेता सुनील सिंह ने किया। मौके अर्जुन सिंह, रामविलाश भुइयाँ, संतोष भुइयं, सुरेश भुइयाँ, विजय भुइयाँ, प्रकाश भुइयाँ, गणेश केशरी, रामबिलश सिंह, सुरेंद्र सिंह, कपिल सिंह, दिलीप सिंह, शुभम कुमार, विकास सिंह, ननकू भुइयाँ, लक्ष्मण भुइयाँ, सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## जूठाआम से बागोडीह सड़क निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत पर जांच करने पहुंचे अधिकारी, कहा होगी कार्रवाई

### माले नेता सहदेव यादव ने गड़बड़ी के शिकायत पर बंद करवाया था काम

**अपेम लाइव : बिरनी सब्बा अहमद**



जूठाआम से बागोडीह मोड़ तक लगभग 7 करोड़ के लागत से बनने वाली सड़क में माले नेताओं द्वारा गड़बड़ी उजागर करने के शिकायत पर शनिवार को विभाग के एसडीओ व जेई ने माले नेता सहदेव यादव व जिप सदस्य कैलाश यादव के साथ सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया। जहाँ अधिकारियों ने सड़क को खुदवाकर जांचा जिसमे पाया गया कि संवेदक जैसे तैसे पिचिंग का काम कर रहा हैं, जो ज्यादा दिनों तक चलने वाला नही हैं, रोड से गंदगी को हटाया भी नही गया और उसी पर अलकतरा का काम कर दिया गया हैं। जिससे सड़क बनने के साथ-साथ उखड़ना शुरू हो गया। जिप सदस्य कैलाश यादव ने कहा कि संवेदक ने काम मे इतना गड़बड़ी किया हैं कि गड़बड़ी छुपने का कहीं जगह नही हैं, जांच में आये अधिकारियों ने भी स्वीकार किया हैं कि संवेदक द्वारा निर्माण कार्य जैसे तैसे किया जा रहा हैं, अगर सुधार नही हुआ तो मध्य भाग की जनता सड़क पर बैठने को मजबूर होगी। वहीं भाकपा माले नेता सहदेव यादव ने अधिकारियों को कड़ी चेतवानी देते हुए कहा कि सड़क में जो भी काम हुआ हैं व पहले उखाड़ना पड़ेगा तभी आगे का काम करने दिया जायेगा, कहा कि यह बगोदर की धरती हैं, यहाँ भाजपा नही भाकपा माले के साथ जनता हैं, काम ईमानदारी से करना पड़ेगा अन्यथा गड़बड़ी को लेकर मामला झारखण्ड विधानसभा में गूँजेगा। वहीं विभागीय एसडीओ धर्मदेव मंडल ने कहा कि ग्रामीणों के शिकायत पर जांच किया गया जहाँ भारी गड़बड़ी मिली हैं, संवेदक जहाँ गड़बड़ी हैं पिच उखाड़ कर फिर से काम करेगा अन्यथा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। वहीं जेई मुकेश यादव ने कहा कि गड़बड़ी हैं तोड़ कर फिर से काम करवाया जायेगा। मौके पर टेकनारायन पंडित ,सुरेश कुमार तर्वे , लोकल सचिव नारायण यादव , रघुनन्दन यादव , महेंद्र दास ,बद्री महतो ,शंभू दस,दीपक राम,सुनील राम ,किशोर वर्मा,दशरथ महतो,समसूदीन अंसारी ,किशोर वर्मा ,मथुरा दास,अवध राम ,श्रीराम यादव ,सुरेश पंडित ,अर्जुन यादव ,हीरालाल यादव ,भरत यादव , सीटन बैठा, ढालचंद राणा , फागू राम , विकी यादव,संदीप पंडित ,दिनेश्वर यादव,महादेव यादव, मंगार ठाकुर ,हीरो दास,रूपेश दस,सुखदेव साव,मुकेश यादव,राहुल दास ,भोला महतो , बाजो पासवान ,इकबाल अंसारी ,मुस्ताक अंसारी,बासुदेव दास,नागेश्वर यादव समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## रामनवमी से पहले अवैध महुवा शराब कि कई भट्ठियां नष्ट

### चौपारण पुलिस व उत्पाद विभाग ने चलाया संयुक्त छापेमारी, तस्कर पकड़ से बाहर

**अपेम लाइव : चौपारण किशोर राणा**



पुलिस अधीक्षक हज़ारीबाग एवं सहायक आयुक्त हज़ारीबाग के निर्देशानुसार रामनवमी को देखते हुए उत्पाद विभाग, चौपारण पुलिस एवं पुलिस अधीक्षक हज़ारीबाग के द्वारा गठित विशेष छापामारी दल द्वारा संयुक्त रूप से चौपारण प्रखण्ड के भिन्न भिन्न इलाकों में अवैध महुवा शराब तस्करों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। उक्त बातों की जानकारी देते हुए उत्पाद अवर निरीक्षक राजीव नयन ने बताया कि इस दौरान चौपारण प्रखण्ड के बिगहा, दैहर, बारा व महानेटांड में छापेमारी कर अवैध महुवा शराब की भट्ठियाँ व महुवा शराब को नष्ट किया गया। जिसमे कुल 8 फरार अभियोग दर्ज किया गया। इस दौरान 200 लीटर चुलाई शराब, 2500 किलो जावा महुआ आदि बरामद किया गया। तस्कर नही पकड़े जाने के संदर्भ में पूछे जाने पर श्री नयन ने बताया कि हमलोग जांच पड़ताल कर रहे है व संलिप्त लोगों की पहचान कर रहे है जल्द ही हमारे पकड़ में होंगे शराब तस्कर। छापेमारी दल में गठित विशेष छापामारी दल के पुलिस अवर निरीक्षक मुकेश कुमार, पुलिस केंद्र हज़ारीबाग, चौपारण थाना के पुलिस

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## नाली अपूर्ण रहने के कारण सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



सड़क पर बहता नाली का गंदा पानी

प्रखंड के करगालो में 15वें वित्त आयोग मद से मुंशी साव के घर से तेजो मिस्त्री के घर तक नाली का निर्माण कराया गया है। योजना की प्राक्कलित राशि दो लाख रूपए है। योजना के अभिकर्ता किशोर राणा पिता ढ़ालचंद मिस्त्री हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना के तहत नाली को पूर्ण नहीं कराया गया है। जिसके कारण नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। सड़क पर गंदा पानी जमा रहने से सड़क कीचड़ से भर गया है। बदबू से लोगों का जीना दूभर हो गया है। मक्खी-मच्छर का प्रकोप भी बढ़ा हुआ है। लोग इससे बीमार हो रहे हैं। नाली का ढ़क्कन भी कई जगहों पर खुला हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि नाली पूर्ण हो जाती तो सड़क पर पानी बहने की समस्या से निजात मिलता। शिकायत करने वालों में विशेश्वर शर्मा, मिथिलेश शर्मा, लखन मिस्त्री, अर्जुन मिस्त्री, राहुल शर्मा, गिरधारी शर्मा, सूरज कुमार गुप्ता समेत कई लोग शामिल हैं।

## आईएफडब्ल्यूजे का जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**




आज रविवार को इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्न. लिस्ट गिरिडीह इकाई (आईएफडब्ल्यूजे) का जिलास्तरीय बैठक गिरिडीह की उपनगरी पचंबा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन अध्यक्ष राजेश कुमार ने किया। आज के बैठक को संबोधित करते हुए राजेश कुमार ने कहा कि संगठन विस्तार करने पर विशेष जोर देने की आवश्यकता है इसके लिए यूनियन के सभी पदा. धिकारियों को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि आगामी चौबीस जून को संगठन का स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से गिरिडीह में मनाई जाएगी इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। यूनियन कोषाध्यक्ष विलियम जैकब ने कहा कि हमारी इस यूनियन की स्थापना सन् 1950में की गई थी। आज पूरे देश में यूनियन सुचारू रूप से मीडिया रिपोर्टरों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ने का काम कर रही है। आज के समय में पत्रकारों पर हो रहे लगातार हमले के खिलाफ हमारी यूनियन ने आवाज उठाने का काम किया। यूनियन एक ताकत है इससे सभी पत्रकारों को जुडकर रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक मांग पत्र सौंपा जाएगा हमारी यूनियन के प्रतिनिधि मंडल द्वारा। उक्त माग पत्र में गिरिडीह में प्रेस क्लब भवन निर्माण, गिरिडीह में पत्रकार नगर निर्माण कर दस वर्षो से पत्रकारिता कर रहे पत्रकारों को आवास आवंटित करने और पत्रकारों को एक करोड़ का बीमा लाभ देने जैसी मुख्य मांगो का उल्लेख किया गया है। उक्त मांग पत्र को मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा और शीघ्र मांगो को पूरा करने की मांग की जायेगी। आज के इस बैठक में दर्जनाधिक पत्रकार मौजूद थे।

## इनर व्हील क्लब गिरिडीह ने पारसनाथ मधुबन मोड़ में लगाया दिशा निर्देश पोल

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**




आज रविवार को इनर व्हील क्लब गिरिडीह ने जैन तीर्थयात्रियों एवम राहगीरों की सुविधा हेतु पारसनाथ मधुबन मोड़ पर एक दिशा निर्देश पोल लगवाया ।इस पोल का अनावरण आज के इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सह अंतर्राष्ट्रीय इनर व्हील एडिटर इलेक्ट पास्ट एसोसिएशन प्रेसिडेंट प्रभा रघुनन्दन के द्वारा किया गया । इस विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए डिस्ट्रिक्ट आईएसओ रश्मि गुप्ता कहा की इसको लगाने का उद्देश्य यह है कि पारसनाथ से आने वाले राहगीर दर्शनार्थियों को स्पष्ट दिशा का ज्ञान हो जाए कि सीधा रास्ता गिरिडीह को जाता है और दाईं ओर का रास्ता मधुबन की ओर जाता है ।साथ ही इस पोल से इनर व्हील की ब्रान्डिंग भी होगी । आज दिशा निर्देश पोल के अनावरण के अवसर पर मुख्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय इनर व्हील एडिटर प्रभा रघुनन्दन ,डिस्ट्रिक्ट आई एस ओ रश्मि गुप्ता ,उपाध्यक्ष रेखा तर्वे ,पास्ट प्रेसिडेंट मौसुमि सरकार ,पास्ट प्रेसिडेंट चंचल भदानी और स्मृति गुप्ता उपस्थित थी

## डीएसपी संजय राणा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



आज गिरिडीह जिला के पचंबा थाना में डीएसपी संजय राणा की अध्यक्षता में शांति समिति बैठक संपन्न हुई। बैठक का संच. ालन तेलोडीह मुखिया प्रति. निधि शब्बीर आलम ने किया। बैठक में पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार, पचंबा थाना प्रभारी सौरभ राज सहित पचंबा थाना क्षेत्र के जन प्रतिनिधि और पंचायत प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए डीएसपी संजय राणा ने कहा कि रामनवमी और रमजान को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं जिला प्रशासन आपके साथ है। जुलूस में अधिक से अधिक सौ लोग ही शामिल होंगे साथ ही डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। शराब सेवन न करें क्योंकि अधि. कतर विवादो और घटनाओं में शराब सेवन मुख्य कारण सामने आता रहा है इसलिए पर्व त्यौहार पर शराब का सेवन न करें। जिला पुलिस प्रशासन आपके सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहती है आप भी पुलिस का सहयोग करें। बैठक को पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार, पचंबा थाना प्रभारी सौरभ राज सहित कई गणमान्य लोगों ने संबोधित किया। आज के इस शांति समिति बैठक में जेएमएम गिरिडीह प्रखंड अध्यक्ष अनवर अंसारी, परसाटांड़ पंचायत ग्राम प्रधान निर्मल प्रसाद वर्मा, वार्ड पार्षद अनिल कुमार गुप्ता, थाना प्रति. निधि इरफान आलम वार्ड पार्षद सदानंद वर्मा, मुकेश चंद्रवंशी, मुस्तकिम अंसारी सिराज अंसारी, प्रेरणा तिवारी सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## द इंस्टीट्यूट ऑफ होम्योपैथ के बैनर तले सिलाई प्रशिक्षण शिविर का किया गया शुभारम्भ

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**




गांवा प्रखण्ड के सेरुआ पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय डाबर में द इंस्टिट्यूट ऑफ होम्योपैथ के बैनर तले सिलाई प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया शिविर का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा द्विप प्रज्वलित कर किया गया शुभारंभ समारोह में संस्था के प्रखंड कॉर्डिनेटर पिंटू शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे उक्त मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि यहां के कार्यकर्ताओं व नारी शक्तियों के सहयोग से और विश्वास से संस्था का विस्तार हो सका है और आज हम लोग बेहतर कार्य करने के लिए तात्पर्य है उन्होंने कहा कि संगठन गरीब असहाय को मदद करने नारी शक्ति को स्वरोजगार से जोड़ने व वैसे बालिका जो पैसे के अभाव में उच्च शिक्षा हासिल नहीं कर सकते हैं उन्हें शिक्षा से जोड़ने व तकनीकी सहयोग करने हेतु संगठन काम करती है युवा नेता सागर चौधरी ने कहा इस तरह के कार्य से समाज के युवाओं को एक अलग तरह से रोजगार मिल सकेगा और संस्था के माध्यम से क्षेत्र का युवा स्वरोजगार तक पहुंच सके मौके पर युवा समाजसेवी पवन चौधरी ने कहा की इस तरह के संस्था से हमारे क्षेत्र के नारी शक्ति व युवा सशक्त होंगे स्वरोजगार से जोड़कर क्षेत्र के बेरोजगारी को कम करने का काम करेंगे वही माले नेता आनंद यादव ने कहा किया बहुत ही गर्व की बात है कि इस तरह के संस्था हमारे छोटे-मोटे गांव तक पहुंच कर हमारी माताएं बंधुओं कोस्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास कर रही है इस तरह के कार्य से क्षेत्र का समुचित विकास हो सकेगा मौके पर गांव पूर्व मुखिया प्रतिनिधि कन्हाई राम, सचिव संजीव कुमार, सुप. रवाइजर प्रेम कुमार,नरेश कुमार धनवारब्लॉक कॉ. न्डिरेटर ब्रह्मदेव शर्मा , जयकिशोर जी , धर्मेंद्र जीगावां प्रखंड के कुछ युवा नेता रोहित राज ,सतीश कुमार, नीतीश कुमार और दर्जनों नारी शक्ति उपस्थित थे।

## कांग्रेस पार्टी ने पीड़ित परिवार के लिए मुहैया कराया दो बोरा चावल

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत बलगो गांव निवासी भुनेश्वर महतो और बलदेव महतो के बीते शनिवार दिन को अचानक घर मे आग लग गया था। जिसमें इस आगजनी में घरवालों को लाखों की सामग्री जलकर राख हो गया ।जिसमें इस आगजनी की घटना पाकर रविवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बासुदेव वर्मा पीड़ित परिवार के घर पहुचकर घर मे लगी आग की जायज लिया और दो बोरा चावल का मुहैया कराई ।जिसमें उपस्थित रहे हैं बगोदर विधानसभा के वरिष्ठ नेता बासुदेव वर्मा,बिस सूत्री अध्यक्ष अतिवारी महतो,बिस सूत्री सदस्य रामकृष्ण वर्मा समेत पीड़ित परिवार उपस्थित थे।

APEM LIVE

APEM LIVE